भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 711**
दिनांक 07/02/2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**पीसीपीआईआर की स्थिति**

**711. श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लि:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) की स्थापना के लिए मानदंड क्या हैं;

(ख) प्रचालनशील पीसीपीआईआर; इसके कुल क्षेत्रफल, इसमें की गई निवेश, इससे पैदा हुए रोजगार और स्थापित की गई रसायनिक इकाइयों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विशाखापट्टनम पीसीपीआईआर अपने एंकर उद्योग की स्थापना के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि अन्य सभी प्रचालनशील पीसीपीआईआर ने अपने एंकर उद्योगों की सफलतापूर्वक स्थापना कर ली है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या एंकर उद्योग के अभाव के कारण विशाखापट्टनम पीसीपीआईआर की पूर्ण प्रचालनशीलता बाधित हुई है; और

(ङ) यदि हां, तो इस मुद्दे का समाधान करने और विशाखापट्टनम पीसीपीआईआर की प्रभावी प्रचालनशीलता सुनिश्चित करने के लिए आपके मंत्रालय द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) की स्थापना के प्रस्तावों की जांच करते समय निम्नलिखित मापदंडों पर विचार किया जाता है:

i. अतिरिक्त रोजगार सृजन सहित अतिरिक्त आर्थिक गतिविधि एवं भावी विकास की संभावना।
ii. वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन के लिए घरेलू एवं विदेशी स्रोतों से संभावित निवेश।
iii. घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश सुविधाओं के लिए संभावित लिंकेज।
iv. राज्य सरकार की इच्छा एवं प्रतिबद्धता।

v. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित प्रमुख उद्योग जगत का हित।
vi. प्रस्तावित स्थल के लिए वर्तमान बुनियादी ढांचा लिंकेज तथा अपेक्षित परिवर्धन/उन्नयन की अनुमानित लागत।
vii. भूमि की उपलब्धता।
viii. पोर्ट कनेक्टिविटी।
ix. क्षेत्र में पारिस्थितिक संतुलन एवं संधारणीय विकास बनाए रखना एवं प्रवृत्त पर्यावरण कानूनों का अनुपालन करना।

(ख) से (ङ) पीसीपीआईआर नीति, 2007 के अंतर्गत अब तक 3 पीसीपीआईआर स्थापित किए जा चुके हैं। इन पीसीपीआईआर का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | मानदण्ड | दाहेज, गुजरात पीसीपीआईआर | आंध्र प्रदेश पीसीपीआईआर | पारादीप, ओडिशा पीसीपीआईआर | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुल क्षेत्रफल (वर्ग किमी.) | 453 | 640 | 284.15 | 1,377.15 |
| 2. | किया गया निवेश (करोड़ में) | 1,28,509 | 58,918 | 73,518 | 2,60,945 |
| 3. | सृजित रोज़गार | 2,45,140 | 86,123 | 40,000 | 3,71,263 |
| 4. | स्थापित रासायनिक इकाईयों की संख्या | 626 | 150 | 48 | 824 |

पीसीपीआईआर, गुजरात एवं पीसीपीआईआर उड़ीसा में क्रमश: मैसर्स ओपीएएल और मैसर्स इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में एंकर टेनैन्ट सफलतापूर्वक स्थापित किए गए हैं। जहां तक आंध्र प्रदेश में पीसीपीआईआर का प्रश्न है तो गेल-हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कंसोर्टियम द्वारा एंकर यूनिट स्थापित करने का प्रारंभिक प्रस्ताव कार्यान्वित नहीं किया जा सका क्योंकि इसे आर्थिक रूप से अव्यवहारिक पाया गया।

हाल ही में, आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने 03.01.2025 को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के नेल्लोर जिले के रामय्यापट्टनम बंदरगाह के पास 6000 एकड़ भूमि में एक एकीकृत ग्रीनफील्ड रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसके अनुसार रिफाइनरी की परिचालन क्षमता 9-12 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष होगी और जिसकी परियोजना लागत 96,862 करोड़ रुपए होगी। हालांकि यह एकीकृत परिसर आंध्र प्रदेश पीसीपीआईआर में नहीं है। यह पीसीपीआईआर क्षेत्र के निकट है और इससे पीसीपीआईआर क्षेत्र में स्थित उद्योगों को भी लाभ होगा।

*****